आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 17.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आज शाम थम गया चुनाव प्रचार—उन्नीस अप्रैल को होगा मतदान।

2— बस्तर संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील और माओवाद प्रभावित डेढ़ सौ से अधिक मतदान केन्द्रों के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना की गई हैं पोलिंग पार्टियां।

3— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले में कल हुई मुठभेड़ के लिए सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव प्रभावित करने की माओवादियों की बड़ी कोशिश को नाकाम किया गया है।

4— रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव—प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया। अब प्रत्याशी घर—घर जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस सीट पर परसों उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित कर दिया है। इसके तहत कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। वहीं, बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी तरह, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सौ पचहत्तर मतदान केन्द्रों में भी सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और बहत्तर मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान के दिन उन्नीस अप्रैल को कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है।

मतदान दल—रवानगी

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए माओवाद समस्या से प्रभावित बस्तर संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के लिए मतदान दलों की रवानगी शुरू हो गई है। माओवाद प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर से मतदान दल भेजे जा रहे हैं। बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और नारायणपुर जिले के दुर्गम और संवेदनशील इलाकों में स्थित करीब डेढ़ सौ पोलिंग बूथ के लिए मतदान दलों को करीब तीन दिन पहले से ही हेलीकॉप्टर के जरिए रवाना करना शुरू कर दिया गया है। छप्पन मतदान दलों को कल हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया। वहीं, आज सौ मतदान दलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से रवाना किया गया। इन संवेदनशील इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। अति—संवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का तीन स्तरीय घेरा रहेगा। इसके लिए बस्तर लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की करीब तीन सौ पचास अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं।

चुनाव प्रचार

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में जहां आज शाम चुनाव प्रचार थम गया। वहीं, दूसरे और तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ लिया है। राजनीतिक दलों के साथ ही विभिन्न प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। विभिन्न पार्टियां स्टार प्रचारकों की सभाएं भी कर रही हैं।

राजनांदगांव में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इक्कीस अप्रैल को रोड शो करेंगे। उसी दिन कांग्रेस की महासचिव प्रियंका वाड्रा भी इसी लोकसभा सीट के डोंगरगांव क्षेत्र के मोहड़ गांव में आमसभा करेंगी।

इस बीच, जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सक्ती जिले के ग्राम जेठा में तेईस अप्रेल को भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा प्रस्तावित है। भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े के पक्ष में होने वाली श्री मोदी की इस जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की दुर्ग में बाईस अप्रैल को चुनावी सभा प्रस्तावित है।

गौरतलब है कि राज्य में प्रथम चरण में उन्नीस अप्रैल को बस्तर सीट में, दूसरे चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को तीन लोकसभा सीटों – महासमुंद, कांकेर और राजनांदगावं में और तीसरे चरण के तहत बाकी सात लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को मतदान होगा।

भाजपा–पत्रकारवार्ता

प्रदेश में हाल ही में कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुई बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय सचिव और महासमुंद की पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिता रावटे, महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने आज रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल किया है। भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इन महिला नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को एक लाख रूपये सालाना देने की बात कही है। लेकिन, कांग्रेस को देश को यह बताना चाहिए कि वह महिलाओं को पचास लाख करोड़ रुपए सालाना कैसे देगी, जबकि देश का कुल बजट ही इतनी राशि का होता है। इन महिला नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने महतारी सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह पांच सौ रुपए और विधवा तथा वृद्ध महिलाओं को एक हजार रुपए देने का वादा किया था। लेकिन, प्रदेश में अपने शासनकाल के दौरान पांच साल में एक रुपया तक महिलाओं को नहीं दिया गया।

कांग्रेस–पत्रकारवार्ता

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रूपये सालाना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में प्रमुखता से यह वादा किया है और इसके लिए कांग्रेस महिलाओं से फॉर्म भी भरवा रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के इस घोषणा को राज्य के सभी लोकसभा क्षेत्रों की महिला मतदाताओं तक पहुंचा रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा ने कल जगदलपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आरक्षण के विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र की भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्राकृतिक संसाधनों को उद्योगपतियों को बेच रही है। ऐसे समय में जल, जंगल, जमीन बचाना बड़ी चुनौती है।

कांकेर मुठभेड़—बयान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले में कल हुई मुठभेड़ पर सुरक्षा बलों को बधाई देते हुए कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता बस्तर संभाग को नक्सल समस्या से मुक्त करने की है। उन्होंने कहा कि माओवादी लोकतंत्र में आस्था नहीं रखते और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को हिंसात्मक तरीके से प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने चुनाव को प्रभावित करने की माओवादियों की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। गौरतलब है कि कल कांकेर जिले के छोटेबेठिया इलाके में हुई मुठभेड़ में उनतीस माओवादी मारे गए हैं।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर के सुभाष स्टेडियम में खेली जा रही अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले को जीतकर स्मार्ट सिटी रायपुर ने फाइनल में जगह बनाई है। इस स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना और  लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

वहीं, रायपुर नगर निगम ने कैनोइंग क्लब के साथ मिलकर आज राजधानी के विवेकानंद सरोवर में ‘‘बोट पर वोट’’ नाम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर तैराकों ने बोट में मतदान संदेश लिखे हुए प्ले कार्ड्स के साथ करतब भी दिखाए। इस मौके पर मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

इसी तरह, कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पुसला, मेंड्रा और तंजारा की  महिलाओं और युवाओं ने मशाल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर उन्होंने ‘मतदान करबो—कराबो’ का संदेश देते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस बीच, छत्तीसगढ़—महाराष्ट्र सीमा पर भी महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने मिलकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी मजदूरों को मतदान करने के लिए जागरूक करना था। यह पहली बार था जब दोनों राज्यों ने मिलकर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत प्रवासी मजदूरों को एसएमएस करने के साथ ही फोन के माध्यम से मतदान करने की सूचना दी जाएगी।

वहीं, दुर्ग जिले में मतदाता जागरूकता के तहत एक नवाचारी अभियान डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही द्वारा शुरू किया गया है। वे हल्दी, पीला चावल युक्त मतदान नेवता देने जगह जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही आंगनबाड़ी, कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ जनों, स्व सहायता समूह की महिलाओं को नेवता दिया है। इसके अलावा कॉलेज जाकर युवाओं को भी मतदान करने का नेवता दे रहे हैं।

उधर, महासमुंद के शासकीय पॉलीटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही संस्था परिसर से ग्राम बारोंडा बाजार तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रामनवमी

रामनवमी का पर्व आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्रीराम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामनवमी चैत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं।

रामनवमी के मौके पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित राम मंदिरों में भगवान श्रीराम की पूजा—अर्चना की जा रही है। अनेक स्थानों पर आज शोभायात्राएं भी निकाली जा रही

हैं। राजधानी रायपुर के दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस बीच, नवरात्रि पर्व के नौवें दिन आज विभिन्न देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना की गई। इस अवसर पर कई जगह हवन, कन्या भोजन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। साथ ही बाजे–गाजे और जसगीत के साथ जोत और जंवारा विसर्जन भी किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

– गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में स्थित खोंगसरा रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज के नवीनीकरण कार्य पूरा हो गया है। इसे यात्रियों के उपयोग के लिए आज से शुरू कर दिया गया है।

– रेलवे द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए दुर्ग–जबलपुर के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह गाड़ी तेईस अप्रैल से अट्ठारह जून के बीच दुर्ग से हर मंगलवार को जबलपुर के लिए रवाना होगी। वहीं, जबलपुर से बाईस अप्रैल से सत्रह जून के बीच हर सोमवार को दुर्ग के लिए रवाना होगी।

– मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल से मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। इससे राज्य के विभिन्न स्थानों में अधिकतम तापमान में वृद्धि हो सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>